विद्यालय का नाम .............................................................................

अर्द्धवार्षिक परीक्षा

सत्र 2025 -26

कक्षा - 8 विषय - विज्ञान पूर्णांक -

**सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं :**

**सही विकल्प चुनकर कोष्ठक में लिखिए :**

(1) यीस्ट का उपयोग निम्न के उत्पादन में होता है :

(अ) चीनी (ब) एल्कोहल

(स) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल (द) ऑक्सीजन। ( )

(2) आन्तरिक निषेचन होता है:

(अ) मादा के शरीर में (ब) मादा के शरीर से बाहर

(स) नर के शरीर में (द) नर के शरीर से बाहर ( )

(3) एक युग्मनज (zygote) में पाए जाने वाले केन्द्रकों की संख्या होती है?

(अ) कोई नहीं (ब) एक

(स) दो (द) चार ( )

(4) निम्न में से कौन-सा आहार किशोर के लिए सर्वाचित है?

(अ) चिप्स, नूडल्स, कोक (ब) रोटी, दाल, सब्जियाँ

(स) चावल, नूडल्स, बर्गर

(द) शाकाहारी टिक्की, चिप्स तथा लेमन पेय ( )

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में दीजिए :**

1. ऐसे दो उदाहरण दीजिए जिनमें लगाए गए बल - द्वारा वस्तु की आकृति में परिवर्तन हो जाए।
2. हम खुरपी, दरांती, बेलचा, हल इत्यादि औजारों का उपयोग कहाँ और कैसे करते हैं?
3. पेट्रोलियम का कौन - सा उत्पाद सड़क निर्माण हेतु उपयोग में लाया जाता है?
4. सूर्य अपनी ऊष्मा और प्रकाश स्वयं उत्पन्न करता है। क्या यह भी एक प्रकार का दहन है?
5. क्या केवल बड़े जन्तुओं को ही विलुप्त होने का खतरा है?

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पांच पंक्तियों में दीजिए :**

1. सजीवों के लिए जनन क्यों महत्त्वपूर्ण है? समझाइए।
2. चिड़ियाघर और वन्यप्राणी अभयारण्य में क्या अन्तर है?
3. हमारे दैनिक जीवन में घर्षण शत्रु और मित्र दोनों है। स्पष्ट कीजिए।
4. क्या खरपतवारनाशी का प्रभाव इसको छिड़कने वाले व्यक्ति पर भी पड़ता है?
5. शिशु एवं बच्चों को टीका क्यों लगाया जाता है?

GS guru sevika